(478)

**बिहार सरकार**

**<u>अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग</u>**

संoसंo–04 / निदे०आ०वि०(नामांकन)58–06 / 2020(खण्ड–I)– 415

प्रेषक,

श्याम बिहारी मीणा भा०प्र०से०,

**निदेशक।**

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,

बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–16/01/2025

विषय–अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में नामांकन प्रवेश परीक्षा–2025 हेतु आवेदन पत्रों के आमंत्रण हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में नामांकन प्रवेश परीक्षा–2025 हेतु आवेदन पत्रों के आमंत्रण हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को राज्य से प्रकाशित होने वाले प्रमुख हिन्दी समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में आधे पृष्ठ पर शीघ्र तीन दिनों तक प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

अनु०–यथोक्त ।

विश्वासभाजन

**निदेशक**

(474)

**बिहार सरकार**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025–26 में नामांकन के लिए आवश्यक सूचना**

बिहार के सभी 91 आवासीय विद्यालयों में वर्ग–1 एवं वर्ग–6 में संभावित रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन की सूचना।

**परीक्षा एवं नामांकन निःशुल्क**

**आवेदक के माता/पिता या अभिभावक की कोई आय सीमा नहीं है।**

**परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना**

(क) सभी संचालित 91 आवासीय विद्यालयों में वर्ग–i में नामांकन "लॉटरी पद्धति" तथा वर्ग–vi में नामांकन हिन्दी–20 अंक, अंग्रेजी–20 अंक, गणित–20 अंक, विज्ञान–20 अंक, तथा समाजिक विज्ञान–20 अंक की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के आधार पर होगा। पाँच विषयो का वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दो घंटे का होगा।

(ख) आवासीय विद्यालयों में नामांकन हेतु 01.04.2025 को आयु सीमा वर्ग–i के लिये 5–7 वर्ष एवं वर्ग–vi के लिए 10–13 वर्ष होनी चाहिए।

(ग) विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र हस्तलिखित या टंकित प्रति में अपने जिला के जिला कल्याण कार्यालय में जमा किया जा सकेगा। अथवा ऑनलाईन के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकेगा। (वेबसाइटः–http://state.bihar.gov.in/scstwelfare)

(घ) वर्ग–vi में परीक्षा उपरांत चयनित छात्र/छात्रा को अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित किसी भी आवासीय विद्यालय में नामांकन करने की अनुशंसा की जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया की तिथि**

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्रों समर्पण की तिथि(अवधि) | :–20.01.2025 से 15.02.2025 |
| प्रवेश–पत्र प्राप्ति की अवधि | :–26.02.2025 से 28.02.2025 |
| परीक्षा की तिथि | :–01.03.2025 (शनिवार) |
| परीक्षा फल प्रकाशन की तिथि | :–11.03.2025 |
| नामांकन की तिथि | :–13.03.2025 से 25.03.2025 |
| कक्षा प्रारंभ होने की तिथि | :–01.04.2025 |

**आवेदन–पत्र**

1–आवेदक का नाम (साफ अक्षरो में):–

2–विद्यालय/संस्था का नाम...

3–जन्म तिथिः–वर्ष..........माह.......दिन.... (01.04.2025) को आवेदक का उम्र

4–पिता का नाम तथा पूरा पता...

5–राष्ट्रीयताः–

6–अनु0जाति/अनु0जनजाति का नाम....... ......................................(उप जाति सहित एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

7–अभिभावक का नाम एवं पूरा पताः– (यदि पिता/माता न हो)

8–शैक्षणिक योग्यताः– (वर्ग i के लिए शुन्य एवं वर्ग vi के लिए पंचम वर्ग उर्त्तीण/पंचम वर्ग परीक्षा में सम्मिलित होने से संबंधित प्रमाण पत्र)

9–आवासीय विद्यालय का क्रमानुसार नाम जहाँ आवेदक प्राथमिकता के आधार पर नामांकन चाहता हैः–(विभाग प्राथमिकता से बाध्य नहीं होगा एवं किसी भी आवासीय विद्यालय में छात्र/छात्रा को नामांकन करने की अनुशंसा की जाएगी)

i)

ii)

10–शरीर पर पहचान चिन्हः–

11–आधार संख्याः–

**घोषणा–पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दिये गए सभी विवरणी सही है और मेरे पुत्र/पुत्री प्रतिपाल्य आवासीय विद्यालय में अनुशासन में रह कर विद्यालय के नियमों का पालन निष्ठापुर्वक करेगा/करेगी। मेरे पुत्र/पुत्री को अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित किसी भी विद्यालय में नामांकन/स्थानांतरण होने पर मेरी पूर्ण रूप से सहमति होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर** **पिता/अभिवावक का हस्ताक्षर**

**अनुलग्नक कागजातः**–अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र की मूल/स्व0 अभिप्रमाणित प्रति, तीन फोटोग्राफ के साथ, उम्र सीमा–संबंधी प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण–पत्र से संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में नामांकन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र**

**प्रवेश पत्र**

फोटो चिपकाकर उस पर आवेदक का नाम लिखें

1–छात्र/छात्रा का नामः–

2–पिता का नामः–

3–पूरा पताः–

4–जन्म तिथिः–वर्ष...... माह......दिन.....

5–परीक्षा का विषयः–सभी संचालित 87 आवासीय विद्यालयों में वर्ग– vi में नामांकन के लिएः–गणित 20 अंक (20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
हिन्दी 20 अंक (20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
अंग्रेजी 20 अंक (20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
विज्ञान 20 अंक (20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
सामाजिक विज्ञान 20 अंक (20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

6–परीक्षा की तिथिः–**01.03.2025** एवं समयः–**10 बजे से 12 बजे**

7–जिला कोड :–

8–क्रमांक :–

9–परीक्षा केन्द्र :–

10–पहचान चिन्ह :–

11–आधार नंबर :–

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला कल्याण पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर

.................................................................................................

**प्राप्ति रसीद**

आवेदक का नाम एवं पताः– आवेदन सं0–

जिला कल्याण कार्यालय का नामः–

**निदेशक**

अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

नोटः–1.डॉ० भीम राव अम्बेडकर अनु0 जाति आवासीय विद्यालयों में कुल स्वीकृत छात्र बल का अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए 10 प्रतिशत एवं राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के लिए कुल स्वीकृत छात्र बल का 10 प्रतिशत सीटें आवंटित किया जायेगा तथा डॉ० भीम राव अम्बेडकर अनु0 जाति आवासीय विद्यालयों में 10 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के छात्र नहीं मिलने पर अनुसूचित जाति के बच्चों का नामांकन एवं राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में 10 प्रतिशत अनुसूचित जाति के छात्र नहीं मिलने पर अनुसूचित जनजाति के बच्चों का नामांकन किया जायेगा।

2. विस्तृत जानकारी के लिए अपने जिला के जिला कल्याण कार्यालय में संपर्क करें या विभाग के बेवसाइटः–http://state.bihar.gov.in/scstwelfare पर लॉगइन करें।